प्रेस नोट– मुजफ्फरनगर
दिनांक– 12.04.2025

➢ **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा ट्रांसफार्मर व तार चोरी के 03 अभियोगो का सफल अनावरण, दौराने पुलिस मुठभेड़ अर्न्तजनपदीय ट्रांसफार्मर व तार चोर गिरोह के 06 अभियुक्तगण गिरफ्तार(01 घायल सहित)–**

दिनांक 11/21.04.2025 की रात्रि को प्र0नि0 श्री सुभाष बाबू अत्री थाना मंसूरपुर मय हमराहीगण द्वारा (थाना भोपा पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 34/25 धारा 136 विधुत अधिनियम व मु0अ0सं0 59/2025 धारा 136 विधुत अधिनियम तथा थाना जानसठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/25 धारा 136 विधुत अधिनियम) का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. अर्जुन पुत्र सुरेश निवासी ग्राम वहलना थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर(घायल), 2. जानू उर्फ जान मोहम्मद पुत्र अख्तर निवासी बाडे वाली गली श्यामनगर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ, 3. मोनू उर्फ मनोज पुत्र हरीचन्द निवासी ग्राम मदारपुर थाना सरधना जिला मेरठ, 4. अनिस पुत्र सलीम निवासी समरगार्डन 60 फुटा रोड थाना लिसाडी गेट मेरठ, 5. गुफरान पुत्र शाहबुद्दीन निवासी भूड थाना खतौली, मुजफ्फरनगर व 6. आसिफ पुत्र जमीरा निवासी भूड थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को बार्डर से दिनकरपुर की तरफ जाने वाले रास्त से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 02 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 04 चाकू नाजायज, 01 होण्डा अमेज कार नम्बर यूके 17 क्यू 6876, 01 प्लास्टिक के कट्टे में ट्रांसफार्मर की पत्ती, लोहे की एंगल, उपर का कवर व 80 हजार रूप्ये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 103/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना सिखेड़ा पुलिस द्वारा 01 हिस्ट्रीशीटर/टॉप–10 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 11.04.2025 को थाना सिखेडा पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोमराज सिंह मय हमराहीगण द्वारा हिस्ट्रीशीटर/टॉप–10 अभियुक्त कलीम उर्फ बिहारी पुत्र शरीफ निवासी ग्राम निराना थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर को रजवाहे की तरफ झहरे वाली पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिखेडा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 43/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 12.04.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. आकाश पुत्र ऋषिपाल निवासी भोजानपट्टी दोघट जनपद बागपत व 2. सरताज उर्फ सरफराज पुत्र शोकीन निवासी जसौठा थाना मुंडली जनपद मेरठ को चैकिंग के दौरान आबकारी रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 01 पिकअप बोलेरो मेक्स, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 115/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।